No. of Printed Pages : 3

बी.एच.डी.एफ.-101

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

27888

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2016

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं *तीन* शब्दों के दो-दो पर्याय लिखिए : *6*

पेड़, आकाश, पक्षी, पत्नी, अध्यापक ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : *4*

मदिरालय, देवानंद, प्रत्याहार, विद्यार्थी, नरेश ।

3. निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : *10*

(क) सामाजिक असमानता की समस्या

(ख) पर्यावरण का बढ़ता संकट

(ग) मेरी प्रिय फ़िल्म

(घ) मेरा पड़ोसी

4. बालिका-शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

आज़ादी के बाद हमने समाजवाद का रास्ता लिया । इसलिए कि इस देश की ग़रीबी को और किसी तरह से दूर नहीं किया जा सकता । हमारे समाजवाद में प्रजातंत्र उसकी बुनियाद है । प्रजातंत्र हर एक व्यक्ति को एक हक़ देता है, एक बड़ा हक़, एक बड़ा अधिकार और उसको सफल बनाने के लिए कर्तव्य का भार भी आता है । हमारे बहुत से कार्यक्रम हैं, लेकिन जो एक भारी प्रश्न है वह आज ग़रीबी का प्रश्न है । हम दृढ़ता से चलकर उसका सामना कर सकते हैं ।

(क) आज़ादी के बाद हमारे देश ने कौन-सा रास्ता चुना ?

(ख) समाजवाद अनिवार्य क्यों प्रतीत हुआ ?

(ग) प्रजातंत्र की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ?

(घ) अधिकार को सफल बनाने वाली क्या चीज़ है ?

6. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का आशय लगभग 100 शब्दों में लिखिए : 5

(क) धर्म धंधे से जुड़ जाय, इसी को योग कहते हैं ।

(ख) गुरु हथौड़ा हाथ करती बार-बार प्रहार

सामने तरु-मालिका, अट्टालिका, प्राकार ।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 – 200 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(क) एक कवि के रूप में तुलसीदास का महत्त्व बताइए ।

(ख) 'पूस की रात' कहानी की संवेदना की चर्चा कीजिए ।

(ग) सूरदास के काव्य का मुख्य प्रतिपाद्य सोदाहरण निरूपित कीजिए ।

(घ) ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा में व्यक्त सामाजिक यथार्थ पर टिप्पणी कीजिए ।

(ङ) 'बहुत बड़ा सवाल' एकांकी की विशेषताएँ बताइए ।